# बोर्ड प्रश्न-पत्र 2015

**प्रश्न 1. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्दों का चयन करके कीजिए—**

1. कर्मवीर पाठ के लेखक ...............हैं। (हरिऔध / दुष्यंत)
2. राम के आगमन पर प्रकृति ने ............. बंदवार सजाए थे। (पत्तों के / फूलों के)
3. नाटक के .............तत्व माने गए है। (आठ / छ:)
4. मालवीय जी ने एकता सम्मेलन ............... बुलाया था। (लखनऊ में / प्रयाग में)
5. जिस समास में दूसरा पद प्रधान हो वह ............ समास होता है। (कर्मधारय / अव्ययीभाव)

**उत्तर**— 1. हरिऔध, 2. पत्तों के, 3. छः, 4. प्रयाग में, 5. कर्मधारय।

**प्रश्न 2. सही विकल्प चुनकर लिखिए—**

MPBOARDONLINE.COM

**1. पं. श्रीराम शर्मा आचार्य का जन्म हुआ था—**

(a) गोवर्धन में (b) वाराणसी में
(c) आँवला खेड़ा में (d) अयोध्या में।

**2. तुम वही दीपक बनोगे नामक कविता समर्पित है—**

(a) युवा पीढ़ी को (b) बुजुर्गों को
(c) बच्चों को (d) नेताओं को।

**3. निम्नलिखित में से अग्नि का पर्यायवाची नहीं है—**

(a) अनल (b) हुतासन
(c) अनिल (d) पावक।

**4. श्रीनगर का सबसे ऊँचा स्थान है—**

(a) जम्मू पहाड़ी (b) श्री शंकराचार्य पहाड़ी
(c) श्रीनगर पहाड़ी (d) इनमें से कोई नहीं।

**5. 'तुम्हारी विरासत' कविता के रचयिता का नाम है—**

(a) ऊषा वर्मा (b) शंकर शेष
(c) ऊषा राजे सक्सेना (d) दिवाकर वर्मा।

**उत्तर**— 1. (c), 2. (a), 3. (c), 4. (b), 5. (a).

**प्रश्न 3. सत्य / असत्य का चयन कीजिए—**

MPBOARDONLINE.COM

1. तुलसीदास जी का बचपन घोर कष्टों में बीता।
2. महावीर प्रसाद द्विवेदी ने 'हंस' पत्रिका का सम्पादन किया।
3. 'सूखी डाली' एक पारिवारिक एकांकी है।
4. 'महोत्सव' में गुण सन्धि होती है।
5. ईश्वर में विश्वास रखने वाला आस्तिक कहलाता है।

**उत्तर**— 1. सत्य, 2. असत्य, 3. सत्य, 4. सत्य, 5. सत्य।

**प्रश्न 4. स्तम्भ 'क' से 'ख' का मिलान कर सही जोड़ी बनाइये—**

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| 1. मीरा के आराध्य | (a) अमिता |
| 2. कलिंग की रानी | (b) हवा |
| 3. हिन्दी गजल | (c) चोंच |
| 4. चंचु | (d) श्रीकृष्ण |
| 5. अनिल | (e) दुष्यंत कुमार। |

MPBOARDONLINE.COM

**उत्तर**— 1. (d), 2. (a), 3. (e), 4. (c), 5. (b).

प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों में प्रत्येक का उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में दीजिए—

1. रचना के आधार पर वाक्यों के कितने भेद हैं ?
2. सच्चा आनंद किसमें छिपा होता है ?
3. मीरा के प्रभु कौन हैं ?
4. 'सम्पत्तिशास्त्र' पुस्तक के लेखक का नाम बताइए।
5. 'उपकार' का विलोम शब्द लिखिए।

MPBOARDONLINE.COM

उत्तर— 1. तीन, 2. श्रम में, 3. श्री कृष्ण, 4. महावीर प्रसाद द्विवेदी, 5. अपकार।

**प्रश्न 6. अशोक क्या प्राप्त करना चाहते थे ?**

***अथवा,*** **किसान को हितैषी क्यों कहा गया है ?**

**प्रश्न 7. मुक्त हास्य से क्या-क्या लाभ हैं ?**

***अथवा,*** **लेखक ने बड़ा व्यक्ति किसे कहा है ?**

**प्रश्न 8. उपन्यास के कितने तत्त्व माने गए हैं ? नाम लिखिए।**

***अथवा,*** **निबंध मुख्य रूप से कितने प्रकार के होते हैं ?**

**प्रश्न 9. रेखाचित्र किसे कहते हैं ?**

***अथवा,*** **आत्मकथा एवं जीवनी में अन्तर बताइए।**

**प्रश्न 10. निम्नांकित शब्दों के तत्सम् रूप लिखिए ( कोई दो )—**

**भाई, सोना, मुँह, पक्षी।**

***अथवा,*** **निम्नांकित शब्दों के पर्यायवाची लिखिए ( एक-एक )—**

**कमल, पृथ्वी, भौंरा, स्वर्ण।**

**प्रश्न 11. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए—**

**पराधीन, चेतन।**

***अथवा,*** **निम्न शब्दों का समास विग्रह कीजिए व समास का नाम लिखिए—**

**पीताम्बर, पंचवटी।**

**प्रश्न 12. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक-एक शब्द लिखिए—**

**(i) शरण में आया हुआ।**

MPBOARDONLINE.COM

**(ii) जो कम बोलता हो।**

***अथवा,*** **निम्नलिखित शब्दों का सन्धि-विच्छेद कीजिए—**

**मनोरथ, जगदीश।**

**प्रश्न 13. निर्देशानुसार वाक्य बदलिए—**

**(i) शालिनी विद्यालय जाती है। ( प्रश्नवाचक )**

**(ii) तुम प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण हुए। ( विस्मयादि बोधक )**

***अथवा,*** **निम्नलिखि वाक्यों को शुद्ध कीजिए—**

**(i) मोहन बड़ा चालाक है।**

**(ii) वह दण्ड देने के योग्य है।**

**प्रश्न 14. निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए—**

**(i) अंधे की लाठी।**

MPBOARDONLINE.COM

**(ii) नौ दो ग्यारह होना।**

***अथवा,*** **मुहावरा व लोकोक्ति में कोई दो अंतर लिखिए।**

**प्रश्न 15. विराम चिन्ह किसे कहते हैं ?**

***अथवा,*** **समास किसे कहते हैं ? कोई एक उदाहरण दीजिए।**

प्रश्न 16. 'अमावस की कालिमा' से कवि का क्या आशय है ?

*अथवा,* शबरी ने श्रीराम-लक्ष्मण का सत्कार कैसे किया ?

प्रश्न 17. आदमी की पीर की तुलना कवि ने किस-किससे की है ?

*अथवा,* वर्षा की प्रतीक्षा सभी प्राणियों को क्यों रहती है ?

प्रश्न 18. प्रकृति ने हमें क्या-क्या प्रदान किया है ?

*अथवा,* कर्मवीर मनुष्य के मार्ग में कैसी-कैसी बाधाएँ आती हैं ?

प्रश्न 19. अशोक ने कौन-सी प्रतिज्ञा की ?

*अथवा,* लेखक ने 'डल झील' को कश्मीर की शान क्यों कहा है ?

प्रश्न 20. जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए मुस्कुराना क्यों आवश्यक है ?

*अथवा,* टिहरी गाँव में माटी वाली का रहना जरुरी क्यों था ?

प्रश्न 21. 'सूखी डाली' नामक एकांकी का केन्द्रीय भाव लिखिए।

*अथवा,* द्विवेदी जी को विद्यार्थी जीवन में किन-किन परेशानियों का सामना करना पड़ा ?

प्रश्न 22. निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ-प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए—

"वायुमण्डल है विषैला
विषधरों की भी बहुलता
पोटली विष की भरी है,
चाहिए प्रतिपल सजगता
मधुर-मादक-मत्त ध्वनि से
विषधरों को कील दे जो
है मुझे विश्वास तुम उस बीन से निश्चित बजोगे।

MPBOARDONLINE.COM

*अथवा,* अब लौं नसानी, अब न नसैहौं।
रामकृपा भव निसा सिरानी, जागे पुनि न डसैहौं।
पायो नाम चारु चिन्तामनि, उर कर ते न खसैहौं।
श्याम रूप सुचि रुचिर कसौटी, चित कंचनहि कसैहौं।

प्रश्न 23. कवि ने 'भारत को संसार का शिरोमणि कहा है' स्पष्ट कीजिए।

*अथवा,* 'सन्नाटा' कविता का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

प्रश्न 24. 'विद्वता की शोभा अहंकार नहीं विनम्रता है' इस पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

*अथवा,* बंग-भंग आंदोलन का योगी अरविन्द पर क्या प्रभाव पड़ा ?

प्रश्न 25. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए—

जीवन की विविध गतिविधियों को नियंत्रित करने हेतु अनुशासन की अत्यधिक आवश्यकता होती है इसलिए सभी को चाहिए कि वे अनुशासन का सदैव पालन करें। अनुशासन विहीन जीवन पशुओं की भाँति उच्छृंखल हो जाता है। मानव समाज का अस्तित्व व शोभा अनुशासन द्वारा ही संभव है। विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का विशिष्ट स्थान है। अनुशासित छात्र उत्तम माना जाता है अतः अनुशासन का पालन करना परम कर्त्तव्य है।

प्रश्न— ( क ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

( ख ) गद्यांश का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

( ग ) अनुशासन विहीन जीवन कैसा हो जाता है ?

( घ ) अनुशासित छात्र कैसा माना जाता है ?

प्रश्न 26. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए—

भाग्यवाद आवरण पाप का, और शस्त्र शोषण का,
इससे रखता दबा एक जन, भाग्य दूसरे जन का।
पूछो किसी भाग्यवादी से, यदि विधि अंक प्रबल है,
पदतर क्यों देती न स्वयं, बसुधा निज रत्न उगल है।

प्रश्न—( क ) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

( ख ) पाप का आवरण किसे कहा गया है ?

( ग ) 'कर्मवाद' का विलोम पद्यांश से चुनकर लिखिए।

( घ ) उपर्युक्त पद्यांश का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए।

प्रश्न 27. अपने मित्र को एक पत्र लिखिए, जिसमें व्यायाम के महत्त्व के बारे में बताया गया हो।

*अथवा,* अपने विद्यालय के प्राचार्य महोदय को प्रार्थना पत्र लिखिए जिसमें क्रीड़ा सामग्री प्रदान करने की प्रार्थना की गई हो।

प्रश्न 28. ( अ ) अधोलिखित बिन्दुओं में से किसी एक बिन्दु पर सारगर्भित निबंध लिखिए।

( ब ) शेष बिन्दुओं में से किसी एक विषय की रूपरेखा तैयार कीजिए—

(1) पर्यावरण संरक्षण,

(2) जीवन में अनुशासन का महत्त्व,

(3) जल सरंक्षण,

(4) जीवन में परिश्रम का महत्त्व।

अगर आपको इन पेपर्स से मदद मिले तो कृपया आपका पेपर मुझे ईमेल करे जिस से आपके जूनियर्स को मैं पेपर्स उपलब्द करा सकू आपका मोबाइल रिचार्ज भी करेंगे

ईमेल ma9300930012@gmail.com

or whatsapp 9300930012.